नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

# प्रखर पत्रकार थे राजकिशोर – कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र

## हिंदी विश्वविद्यालय में राजकिशोर, अभिमन्यु अनत को श्रद्धांजलि

वर्धा, 6 जून 2018: लेखक एवं कवि के साथ-साथ राजकिशोर एक प्रखर पत्रकार थे। उन्होंने पत्रकारिता को एक नया आयाम दिया। उनका विश्वविद्यालय के साथ गहरा रिश्ता रहा। उनके निधन से हमने एक प्रखर पत्रकार को खोया है। उक्त शब्दों में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने राजकिशोर के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजकिशोर का सोमवार, 4 जून को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे। वे विश्वविद्यालय में अतिथि लेखक के रूप में कुछ वर्ष पूर्व आए थे।



उनके निधन पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह ने राजकिशोर के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खुलकर लिखने वालों में राजकिशोर थे।

इस अवसर पर मॉरिशस के प्रवासी भारतीय, वरिष्ठ लेखक अभिमन्यु अनत को श्रद्धांजलि अर्पित





की गयी। उन्हें विश्वविद्यालय ने डी. लिट. की उपाधि प्रदान की थी। शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर राजकिशोर और अभिमन्यु अनत को श्रद्धांजलि दी गयी ।